कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]
Total No. of Questions : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[ Total No. of Printed Pages : 11

# B-231300–B

## विषय : सामाजिक विज्ञान
## Subject : Social Science

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

**नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।**
***Note* : Attempt all questions.**

*निर्देश* : (अ) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं—खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में उचित संबंध जोड़िए एवं खण्ड (स) में रिक्त स्थानों की पूर्ति से संबंधित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

***Instruction* :** (A) Question No. 1 is an objective type question. It has three Parts–Part (A), Part (B) and Part (C). Part (A) has Multiple choice type questions, Part (B) has Match the following and Part (C) has Fill in the blanks. Each Part has 5 questions and each question carries 1 mark.

प्रश्न-1 (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(Part-A) Choose and write the correct option :

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा जैविक संसाधन नहीं है ?

(अ) प्राणी जगत् व वनस्पति

(ब) चट्टानें

(स) मत्स्य पालन

(द) पशुधन

Which of the following is not a biotic resource?

(a) Animal kingdom and plant

(b) Rocks

(c) Fisheries

(d) Livestock

(ii) ब्याज की दर किस खाते में अधिक होती है ?

(अ) बचत खाता

(ब) चालू खाता

(स) स्थाई जमा खाता

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Rate of interest is more in :

(a) Savings account

(b) Current account

(c) Fixed deposit

(d) None of the above

(*iii*) एक संतुलित बजट किसे कहते हैं ?

(अ) जब व्यय और आय बराबर हों

(ब) जब व्यय, आय से कम हो

(स) जब व्यय, आय से अधिक हो

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A balanced budget is :

(*a*) when income and expenditure are equal

(*b*) when expenditure is less than income

(*c*) when expenditure is more than income

(*d*) None of the above

(*iv*) निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से बेहतर है ?

(अ) बांग्लादेश

(ब) श्रीलंका

(स) नेपाल

(द) पाकिस्तान

Which of the following neighboring countries is better than India in terms of Human Development?

(*a*) Bangladesh

(*b*) Sri Lanka

(*c*) Nepal

(*d*) Pakistan

(v) सूचना का अधिकार का सर्वाधिक लाभ होता है :

(अ) रोजगार पाने में

(ब) वेतन पाने में

(स) पेंशन पाने में

(द) भ्रष्टाचार रोकने में

The maximum profit of Right to Information is :

(*a*) to obtain employment

(*b*) to obtain salary

(*c*) to obtain pension

(*d*) to stop corruption

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|
| (*i*) बॉक्साइट से प्राप्त | - | (अ) पी.टी.आई. (P.T.I.) |
| (*ii*) ड्यूमा | - | (ब) शारीरिक कमजोरी |
| (*iii*) फासीवाद | - | (स) एल्यूमिनियम |
| (*iv*) अदृश्य भूख | - | (द) एक दल समर्थक |
| (*v*) भारत की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी | - | (इ) रूस की संसद |

**(Part-B)** Match the following :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | Received from bauxite | - | (*a*) P.T.I. |
| (*ii*) | Duma | - | (*b*) Physical weakness |
| (*iii*) | Fascism | - | (*c*) Aluminium |
| (*iv*) | Invisible hunger | - | (*d*) One party support |
| (*v*) | The biggest news agency of India | - | (*e*) Parliament of Russia |

प्रश्न-1 **( खण्ड-स )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

**(Part-C)** Fill in the blanks :

(*i*) भारत के —— प्रतिशत भू-भाग पर वन हैं।

In India ____ % of land has forest.

(*ii*) मुद्रा का निर्गमन भारतीय —— द्वारा होता है।

Issue of money is done by ____ of India.

(*iii*) जर्मनी, इटली और —— मिलकर धुरी देश कहलाए।

Germany, Italy and ____ were called Axis Power.

(*iv*) इंडोनेशिया की स्वतंत्रता का संघर्ष —— देश के विरुद्ध था।

Freedom Movement of Indonesia was against ____ country.

(v) भारतीय भाषा में प्रथम पत्रिका की शुरुआत सन् —— में हुई।

The first magazine in Indian language was started in the year ____.

*निर्देश* : (ब) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *30* शब्द है)

***Instruction*** : (B) Question Nos. **2** to **6** are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of answer is *30* words)

**प्रश्न-2** विकास को मापने के संकेतक क्या होते हैं? [1+1=2]

What are the indicators of measuring development?

**प्रश्न-3** चालू खाता किसे कहते हैं? [2]

What do you mean by current account?

**प्रश्न-4** महिलाओं के प्रति फासीवादियों का क्या विचार था? [2]

What was the views of Fascists about women?

**प्रश्न-5** वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) क्या है? [2]

What is G.S.T.?

**प्रश्न-6** द्वीपों का देश किसे कहते हैं? [2]

What is called country of islands?

निर्देश : (स) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है)

***Instruction*** : (C) Question Nos. **7** to **10** are very short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is *50* words)

**प्रश्न-7** 'हिन्दू कोड बिल' स्त्री-पुरुष समानता के कौन-कौन से अवसर देता है (कोई तीन) ? [1+

What are the opportunities given in 'Hindu Code Bill' for women-men equality (any **three**)?

**प्रश्न-8** सरकार खाद्यान्न का 'बफर स्टॉक' क्यों बनाती है ?

Why does the Government make 'buffer stock' of food-grains?

**प्रश्न-9** शांति आन्दोलन के उद्देश्य लिखिए (कोई तीन)। [1+ =3]

Write the aims of Peace Movement (any **three**).

**प्रश्न-10** मॉल अथवा शॉपिंग मॉल क्या है ? [3]

What is Mall or Shopping Mall?

**निर्देश** : (द) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है)

***Instruction*** : (D) Question Nos. **11** to **14** are short answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is *75* words)

प्रश्न-11 भूमि प्रबंधन के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए जा सकते हैं? उल्लेख कीजिए। [4]

What are the different methods adopted for land management? Explain.

***अथवा***

***OR***

निम्नांकित तालिका में कुछ नाम दिए गए हैं। उनके द्वारा मिट्टी का उपयोग किस प्रकार किया जाता है ? इसे तालिका में भरिए : [1+1+1+1=4]

| क्र. | व्यक्ति | मिट्टी का उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | कुम्हार | |
| 2 | किसान | |
| 3 | मूर्तिकार | |
| 4 | गाँव की महिला | |

Some names are given in the table. How do they use soil? Fill in the table :

| Sl.No. | Persons | Use of Soil |
|---|---|---|
| 1 | Potter | |
| 2 | Farmer | |
| 3 | Sculptor | |
| 4 | Woman of village | |

**प्रश्न-12** प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं **चार** कारणों का उल्लेख कीजिए। [1+1+1+1=4]

Mention any **four** reasons for the First World War.

***अथवा***

***OR***

वर्साय की संधि की प्रमुख शर्तें कौन-कौन सी थीं ?

What were the main terms of the Treaty of Versailles?

**प्रश्न-13** इटली में मुसोलिनी के उत्कर्ष के **चार** कारण लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write **four** reasons for the rise of Mussolini in Italy.

***अथवा***

***OR***

हिटलर की विदेश नीति को समझाइए। [4]

Explain Hitler's Foreign Policy.

**प्रश्न-14** जनसंख्या विस्फोट समाज के लिए घातक है, कैसे ? समझाइए। [4]

Population explosion is fatal for society, how? Explain.

***अथवा***

***OR***

जनगणना से कौन-कौन से आँकड़े प्राप्त होते हैं ? समझाइए।

What are the figures obtained from census? Explain.

*निर्देश* : (इ) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *100* शब्द है)

***Instruction*** : (E) Question Nos. **15** and **16** are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is *100* words)

**प्रश्न-15** भारतीय कृषि की कम उत्पादकता के कारणों को संक्षेप में लिखिए (कोई **पाँच**)। [1+1+1+1+1=5]

Write briefly the reasons for the low productivity of Indian Agriculture (any **five**).

***अथवा***

***OR***

कृषि का भारत के लिए बहुत अधिक महत्त्व है। किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

Agriculture is very important for India. Explain in any **five** points.

**प्रश्न-16** ग्रामीण अधिवास और नगरीय अधिवास की तुलना कीजिए (कोई **पाँच**)। [1+1+1+1+1=5]

Compare Rural Settlement and Urban Settlement (any **five**).

***अथवा/OR***

नगरीकरण से कौन-कौन सी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं (कोई **पाँच**) ?

What are the problems arising from Urbanizati [illegible])?

**निर्देश** : (फ) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है)

***Instruction* :** (F) Question Nos. **17** and **18** are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is *150* words)

**प्रश्न-17** मतदान प्रक्रिया के **छः** बिन्दु लिखकर संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। [1+1+1+1+1+1=6]

Briefly explain **six** points of Voting Process.

***अथवा/OR***

कुछ मतदाता किन कारणों से मतदान करने नहीं जाते हैं ? समझाइए (कोई **छः**)।

Why some voters do not go for voting? Explain (any **six**).

**प्रश्न-18** भारतीय संसद के कार्यों एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए (कोई **छः**)। [1+1+1+1+1+1=6]

Describe the works and powers of Indian Parliament (any **six**).

***अथवा/OR***

सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों एवं कर्तव्यों का वर्णन कीजिए (कोई **छः**)।

Describe the powers and duties of the Supreme Court (any **six**).

...........